


सीनियर खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच स्पष्टता और बेहतर संवाद स्थापित करने की जरूरत है।


– नसीम शाह

पाक क्रिकेटर, पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## गुलवीर सिंह



**भारतीय** धावक गुलवीर सिंह ने रविवार को द टेन 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की दस हजार मीटर में 16 साल पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में आयोजित एथलेटिक्स मीट में 27:41.81 के समय के साथ, गुलवीर अमेरिकी डू हंटर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। डू हंटर को 27:38.87 समय के साथ पहला स्थान मिला। जर्मनी के आरोन बिएननफेल्ड 27:42.83 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 28:02.89 था। इसे सुरेंद्र सिंह ने बनाया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिस्टीन ओटरो ऐसी पहली महिला खिलाड़ी है जिसने एक ही ओलंपिक में 6 स्वर्ण पदक जीते। उसने सियोल ओलंपिक (1986) में तैराकी में यह रिकार्ड बनाया।

# वर्ल्डकप फाइनल की पिच बदलना भारत को भारी पड़ा : कैफ

## धीमी पिच पर कमिंस ने गेंदबाजी चुनी तो इंडिया अपने जाल में फंस गई

नई दिल्ली, 17 मार्च। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा कि भारत को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में पिच से छेड़छाड़ करने का नुकसान झेलना पड़ा। टीम अपने ही प्लान में फंस गई और पहले बैटिंग करते हुए बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि पैट कमिंस ने पहले मैच की गलती से सीख ली और टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। 19 नवंबर 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप का फाइनल खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 240 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। कैफ ने लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं वहां 3 दिन तक था। रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने भी 3 दिन तक हर दिन पिच इंस्पेक्ट की। दोनों करीब एक घंटे तक पिच के पास ही खड़े रहते थे। मैंने पिच को अपना रंग बदलते हुए देखा। पिच पर पानी नहीं डाला जा रहा था, ट्रैक पर घास भी नहीं थी। भारत फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को धीमी पिच देना चाहता था। भले ही लोगों को विश्वास न हो, लेकिन यही सच्चाई है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हराने का प्लान तो बनाया लेकिन टीम पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलिया के सामने अपने ही प्लान में फंस गई। कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा की लीडरशिप में टीम इंडिया 12 साल बाद वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी। कैफ बोले, ऑस्ट्रेलिया में पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड जैसे तेज गेंदबाज थे। उन्हें कमजोर बनाने के लिए भारत ने स्लो पिच बनवाई, लेकिन यही हमारी गलती थी। लोग कहते हैं कि पिच क्यूरेटर पर किसी का दबाव नहीं होता, यह बकवास है। जब आप पिच के पास घूमते हैं तो बस इतना ही कहना होता है, पानी मत डालो, घास कम रखो। यह सच्चाई है और ऐसा ही होता है। अगर आप घर में खेल रहे हो तो ऐसा होना भी चाहिए लेकिन भारत ने होम कंडीशन का कुछ ज्यादा ही फायदा उठाया। कैफ बोले, पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया के कप्तान) ने चेन्नई में पहले मैच की गलती से सीखा। वहां शुरुआत में पहले बैटिंग करना मुश्किल था। कोई भी फाइनल में पहले फील्डिंग करने के बारे में नहीं सोचता लेकिन कमिंस ने ऐसा किया। हमने पिच से छेड़छाड़ कर बहुत बड़ी गलती कर दी। धीमी पिच पर पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया 240 रन ही बना सकी थी। ऑस्ट्रेलिया ने 44वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया था। वनडे वर्ल्ड कप फाइनल से ठीक पहले के पिच कंसल्टेंट एंडी एटकिन्सन ने इस्तीफा दे दिया था। हालांकि अधिकारियों ने कहा था कि एटकिन्सन का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था। सूत्रों ने बताया, एंडी का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था, इसलिए उन्हें टूर्नामेंट खत्म होने से पहले पद छोड़ना पड़ा। यहां कॉन्ट्रोवर्सी बनाने की जरूरत नहीं है। ऐसा भी कोई नियम नहीं है कि फाइनल से पहले के पिच कंसल्टेंट का मौजूद होना जरूरी है।ऑस्ट्रेलिया ने 19 नवंबर 2023 की रात भारत को हराकर छठी बार वनडे वर्ल्ड कप जीता था। पर पहले से इस्तेमाल हुई पिच पर सेमीफाइनल करवाने के आरोप भी लगे थे। हालांकि, ने बाद में साफ कर दिया था कि नॉकआउट मैच फ्रेश पिच पर ही कराने का कोई नियम नहीं है। एटकिंसन के इस्तीफे के बारे में भी को पहले से पता था। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को औसत रेटिंग दी थी। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच कोलकाता में हुए सेमीफाइनल और भारत-पाकिस्तान मैच की पिच को भी ने औसत रेटिंग ही दी थी।

## आईपीएल से पहले डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी के पास खिताब जीतने का मौका

नई दिल्ली, 17 मार्च। वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला आज यानी 17 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच के जरिए डब्ल्यूपीएल को एक नया चैंपियन मिलेगा। दरअसल, पिछले सीजन की विजेता मुंबई इंडियंस इस बारखिताबी मुकाबले में अपनी जगह नहीं बना पाई है, ऐसे में डीसी और आरसीबीदोनों टीमों के पास अपना पहला खिताब जीतने का मौका है। इसी के साथ दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्सकी टीम आईपीएल 2024 से पहले डब्ल्यूपीएल 2024 में पहला खिताब जीतकर इतिहास रच सकती है। दरअसल, दिल्ली और बैंगलोर का नाम आईपीएल की उन चुनिंदा फ्रेंचाइजियों की लिस्ट में शामिल है जिन्होंने आज तक कोई खिताब नहीं जीता है। ऐसे में मेंस टीम से पहले फ्रेंचाइजी की वुमेंस टीम उनके लिए ट्रॉफी का सूखा खत्म कर सकती है।

## डब्ल्यूपीएल मैच के फाइनल के लिए दिल्ली मेट्रो ने ट्रेन संचालन का समय रात 12.15 बजे तक बढ़ाया

नई दिल्ली, 17 मार्च। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल के कारण ट्रेन परिचालन का समय बढ़ा दिया है। डब्ल्यूपीएल 2024 का फाइनल रविवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। डीएमआरसी ने 'एक्स' पर लिखा, "अरुण जेटली स्टेडियम में आज रात महिला प्रीमियर लीग फाइनल के समापन के बाद दर्शकों की सुचारू आवाजाही की सुविधा के लिए निकटवर्ती दिल्ली गेट स्टेशन (वायलेट लाइन पर) से मेट्रो सेवा 12.15 बजे तक उपलब्ध रहेगी।"

## डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में भाग लेगी 11 टीमें

नई दिल्ली, 17 मार्च। डीएसए सीनियर डिवीजन लीग का उद्घाटन मैच सोमवार को अंबेडकर स्टेडियम मैदान में हिन्दुस्तान एफसी और इंडियन एयर फोर्स की टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रीमियर लीग के सफल आयोजन के बाद सीनियर डिवीजन लीग में भाग ले रही 11 टीमें इस प्रकार है:- हिन्दुस्तान एफसी, उत्तराखंड एफसी, नेशनल यूनाइटेड, दिल्ली टाइगर्स, गढ़वाल डायमंड, अजमल एफसी, इंडियन एयर फोर्स, यूनाइटेड भारत, जगुआर एफसी, सिटी एफसी और शास्त्री एफसी शामिल हैं। आयोजन समिति के चेयरमेन जगदीश मल्होत्रा, कन्वीनर आनंद डबास और सह कन्वीनर नईम की देखरेख में खेले जाने वाले मैचों का आयोजन सिंगल लेग के आधार पर किया जाएगा। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली छह टीमें सुपर सिक्स में भाग लेंगी, जिनमें से पहली तीन प्रीमियर लीग में प्रवेश करेंगी।

## राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़े यशस्वी जायसवाल, टीम होटल में हुआ शानदार वेलकम

नई दिल्ली, 17 मार्च। भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसावल आईपीएल के आगामी सीजन में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान रॉयल्स की फ्रेंचाइजी से जुड़ गए हैं। यशस्वी जायसवाल शानदार फॉर्म में हैं। जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुए पांच मैच की टेस्ट सीरीज में 712 रन बनाए थे। राजस्थान रॉयल्स ने अपने स्टार सलामी बल्लेबाजों का जबर्दस्त स्वागत किया। राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने यशस्वी जायसवाल का टीम होटल में पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। आईपीएल 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर यशस्वी जायसवाल ने भारतीय टीम में जगह बनाई थी। जायसवाल ने आईपीएल 2023 में 625 रन बनाए थे। 2020 से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे यशस्वी ने टीम के लिए एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। वह टूर्नामेंट के 2023 संस्करण में पांचवें सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले खिलाड़ी थे। शानदार आईपीएल और शानदार घरेलू सीजन के दम पर यशस्वी जयसवाल ने भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाई और लाल गेंद प्रारूप में अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने वेस्टइंडीज दौरे पर घर से बाहर जबरदस्त शतक लगाया और उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। हाल ही में समाप्त हुई इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। जयसवाल सुनील गावस्कर के बाद एक ही सीरीज में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे।

## आईपीएल से बाहर हो सकते है दिलशान मदुशंका

नई दिल्ली, 17 मार्च। श्रीलंकाई क्रिकेटर दिलशान मदुशंका के शुरुआती मैचों से बाहर हो सकते हैं। वह चोट की वजह से बांग्लादेश के टूर से भी बाहर हो गए हैं। वह पहले ही सोमवार को चट्टोग्राम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे वनडे से बाहर थे। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को बयान जारी कर बताया है कि मुदशंका को बायें हैम स्ट्रिंग में चोट लगी है। वह रिकवरी के लिए बांग्लादेश से श्रीलंका लौटेंगे। एमआरआई में उनकी चोट की पुष्टि हुई है। उन्हें बीच दौरे से ही लौटना पड़ा है। श्रीलंका में हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में मेडिकल टीम की ओर से उनका मूल्यांकन किया जाएगा। मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे में चोटिल हो गए थे। उन्हें दो विकेट मिला था। वह चोट लगने की वजह से 6.4 ओवर ही गेंद फेंक सके थे। पिछले साल दिसंबर में आईपीएल के हुए मिनी ऑक्शन में मदुशंका को मुंबई इंडियंस ने 4.6 करोड़ में खरीदा था। मदुशंका ने बांग्लादेश के खिलाफ दो वनडे मैचों में 2-2 विकेट लिए थे। वहीं अब तक खेले 23 वनडे मैचों में 41 विकेट ले चुके हैं।

# अश्विन ने चुनौतियों को अपनी प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया : अनिल कुंबले




नई दिल्ली, 17 मार्च। रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि पिछले एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आयी लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कहा, "अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं।उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है।" कुंबले ने कहा, " इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है।"

कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई भारी उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने खेल के बारे में विशेषकर प्रतिद्वंद्वी के खेल के बारे में अश्विन की परख की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। वह पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अश्विन ने देश में स्पिन गेंदबाजी का स्वरूप बदल दिया।

उन्होंने कहा, "मैं उस विरासत के बारे में सोच रहा हूं जो अश्विन जैसा खिलाड़ी खत्म होने के बाद छोड़ेगा। मेरा मानना है कि अभी उसे अपने करियर में लंबा सफर तय करना है।" द्रविड़ ने कहा, "स्पिन गेंदबाजी के बारे में सोचते ही, उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के बारे में हमारी समझ और ज्ञान को आगे बढ़ाया है, जो एक महान विरासत है।




## आईपीएल खेलने के लिए कोहली भारत लौटे, ट्रेनिंग शिविर से जुड़ेंगे

नई दिल्ली, 17 मार्च। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आये और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने को तैयार हैं। कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिये लिया गया ताकि यह स्टार बल्लेबाज ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया, "विराट कोहली लौट आये हैं। 'रेड किंग' भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना आईपीएल अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। " इसमें लिखा था, "किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइये क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है।

## वॉटसन, सैमी ने ठुकराया पाकिस्तान के कोच बनने का प्रस्ताव



कराची, 17 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वॉटसन और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है जिससे पीसीबी की विदेशी कोच की तलाश अब भी पूरी नहीं हुई। सैमी ने पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) को बताया कि वह पहले से ही वेस्टइंडीज बोर्ड के साथ सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित हैं।

वॉटसन इस बात से खफा हो गये कि उनके प्रस्तावित पैकेज के विवरण का खुलासा पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया पर हो गया। वह पीसीबी के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद शनिवार रात को स्वदेश लौट गये। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पीएसएल मैचों के दौरान कराची में वॉटसन के साथ विस्तृत बातचीत की थी और उन्हें मुख्य कोच पद की पेशकश की थी। उन्होंने बताया, "वॉटसन ने शुरू में दिलचस्पी दिखाई थी और प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कुछ वित्तीय और अन्य शर्तें रखी थीं।

बोर्ड ने वॉटसन की वित्तीय मांगों को कमोबेश स्वीकार करने के बाद यह पूर्व खिलाड़ी इस बात से खुश नहीं था कि उसके प्रस्तावित पैकेज का विवरण पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया में लीक हो गया।" वॉटसन ने इसके बाद विनम्रतापूर्वक इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और मेजर क्रिकेट लीग (अमेरिका) में कमेंटेटर के रूप में उनकी पूर्व प्रतिबद्धताएं हैं। इसके साथ ही वह सिडनी में अपने परिवार को अधिक समय देना चाहते हैं।

पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक पीसीबी ने वाटसन को दो मिलियन डॉलर (लगभग 16.60 करोड़ भारतीय रुपये) सालाना देने के लिए तैयार हो गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बोर्ड अब किसी घरेलू कोच को अंतरिम आधार पर नियुक्त करना चाहता है।

## चैम्पियन टीम पर होगी करोड़ों की बरसात

नई दिल्ली, 17 मार्च। आज महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के चैंपियन का फैसला हो जाएगा। डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच खेला जाना है। दोनों टीम की दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टक्कर होगी। डीसी ने लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। डीसी को पहले सीजन के फाइनल में मुंबई इंडियंस (एमआई) के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। एमआई इस बार एलिमिनेटर से बाहर हो गई। उसे आरसीबी ने शिकस्त दी। आरसीबी का पिछले सीजन में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी। हालांकि, स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली आरसीबी मौजूदा सीजन में अलग ही टच में नजर आई और पहली बार फाइनल में कदम रखा। डीसी ने खिताबी मुकाबले में डायरेक्ट एंट्री की थी। चलिए, आपको बताते हैं कि विनर और रनर्स अप को कितने रुपये मिलेंगे। एमआई को डब्ल्यूपीएल 2023 का खिताब जीतने पर 6 करोड़ रुपये मिले थे जबकि रनर्स अप दिल्ली को तीन करोड़ रुपये दिए गए थे।

## अमेलिया और सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टी-20 मैच नहीं खेलेगी : एनजेडसी

वेलिंग्टन, 17 मार्च। अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरु हो रही पांच टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा भारत में चल रहे विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पायेंगी। वहीं न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की महिला कप्तान सोफी डिवाइन रॉयल चैलेंसर्ज बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। वह रविवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स से मुकाबला करेंगी। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को डब्ल्युपीएल फाइनल के तुरंत बाद भारत छोड़कर अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी। न्यूजीलैंड ने प्रतिस्थापन के रूप में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर को टीम में बुलाया है और क्वीन्सटाउन में इंग्लैंड ए के खिलाफ दूसरे मैच के बाद न्यूजीलैंड ए टीम से एक दूसरे खिलाड़ी का भी चयन किया जाएगा।

## टॉस हारने पर टूटा मंधाना का दिल लेकिन हौसले बुलंद

नई दिल्ली, 17 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 का फाइनल खेला जा रहा है। दोनों टीम दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आमने-सामने हैं। डीसी ने खिताबी मुकाबले में टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। वहीं, टॉस हारने पर आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का दिल टूट गया लेकिन उनके हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि टॉस हारने से ज्यादा दिक्कत नहीं है। बता दें कि आरसीबी पहली बार डब्ल्यूपीएल का फाइनल खेलने मैदान पर उतरे है।

मंधाना ने टॉस गंवाने के बाद कहा कि हम भी पहले बैटिंग करना पसंद करते। लेकिन कोई बात नहीं। हमें टॉस हारने से अधिक परेशानी नहीं। हमें अच्छी गेंदबाजी करनी होगी और अपने प्लान पर टिके रहकर बेहतरीन क्रिकेट खेलना होगा। अब तक सीजन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन आज रात हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। यह सेम विकेट पर चौथा मैच है। छोटे स्कोर का बचाव करने से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है।

## हरे-भरे कल के लिए खूब दौड़ी नवाब नगरी

लखनऊ, 17 मार्च। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) की ओर से रविवार सुबह आयोजित दस किमी की दौड़ में हर उम्र के लोगों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। 'रन टुडे फॉर ग्रीनर टुमारो' यानी कि हरे-भरे कल के लिए आज दौड़ें' की थीम पर आयोजित दौड़ 1090 चौराहे से शुरू हुई जिसको एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने नीली झंडी दिखायी और धावकों के साथ गीत-संगीत पर डांस कर और उन्हें सेल्फी देकर समां बांध दिया। सुबह छह बजे से आयोजित 10 किमी दौड़ के साथ ही पांच किलोमीटर की फन रन का भी आयोजन किया गया जिसमें करीब 2500 से ज्यादा लोगों ने प्रतिभाग किया। एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स, एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने दौड़ को एलएसजी की नीली झंडी दिखाकर रवाना किया।

# दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी बनी निर्वाचन आयोग की पहल की राष्ट्रीय पहचान

नई दिल्ली, 17 मार्च। चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के साथ मिल कर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गयी।

शनिवार को करनैल सिंह स्टेडियम में किए गए इस आयोजन का लक्ष्य आयोग द्वारा चुनाव में समावेशिता और मतदान मशीन तक पहुंचने में में लोगों की आसानी के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उपायों को रेखांकित करना था। आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञिप्त के अनुसार इस कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।

इस आयोजन में क्रिकेटर निखिल चोपड़ा को भी डीडीसीए और आईडीसीए के अधिकारियों के साथ विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को 18वीं लोक सभा के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा था कि आयोग ने शारीरिक चुनौतियों का समाना कर रहे मतदाताओं के लिए मददान केंद्र पर पहिया कुर्सी, रैम्प और इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन तक पहुंचने में सहायता के प्रबंध किए जा रहे हैं। 40 प्रतिशत से अधिक की अक्षमता वाले दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट डालने की सुविधा का भी विकल्प दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें विशेष पर्चियां दी जाएंगी।

आयोग ने हर मतदान केंद्र से जुड़ी सूची में दिव्यांग मतदाताओं की पहचान की पहल की है और उनकी सुविधा के लिए उन्हें भूतल वाले बूथ पर मतदान की सुविधाएं करायी जाएंगी। आयोग की वेबसाइट के अनुसार दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने ले जाने के लिए वाहन सुविधा तथा नेत्रहीनों के लिए ब्रेल लिपि की पर्ची जैसी पहल भी की गयी है।

# टीम ग्रीन ने जीता मीडिया क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला

## टीम ग्रीन के कप्तान चन्द्र शेखर शर्मा बेस्ट बल्लेबाज चुने गए



अजमेर, 17 मार्च। मीडिया क्लब अजमेर की ओर से रामनगर स्थित बॉक्स स्टेडियम में इंटरमीडिएट बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 के मुकाबले खेले गए प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थाओं में काम करने वाले सक्रिय मीडिया कर्मियों की चार टीमों ने भाग लिया जिसमें टीम रेड टीम ब्लू टीम ग्रीन और टीम येलो शामिल हुई प्रतियोगिता में लीग आधार पर चारों टीमों ने अपने तीन-तीन मुकाबले खेले और पॉइंट्स के आधार पर टीम रेड और टीम ग्रीन के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबले में टीम ग्रीन ने टीम ब्लू को हराकर किताब अपने नाम किया। अध्यक्ष अभिजीत दवे ने बताया कि फाइनल मुकाबले में टीम राइट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और निर्धारित 8 ओवर में टीम ग्रीन ने चार विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाए जिसमें कप्तान चंद्रशेखर शर्मा ने 36 और उदय प्रताप सिंह ने 32 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम रेड महज 87 रन ही बना सकी और टीम ग्रीन ने 15 रन से मैच जीतकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को समाजसेवी संजय अरोड़ा और अरविंद पाराशर ने ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए। प्रतियोगिता के बेस्ट बल्लेबाज के रूप में टीम ग्रीन के कप्तान चंद्रशेखर रहे जिन्होंने चार पारियों में 206 की स्ट्राइक रेट के साथ 122 रन बनाए। वही प्रतियोगिता के बेस्ट गेंदबाज के रूप में टीम रेड के कप्तान मनीष सिंह रहे जिन्होंने चार पारियों में 7.75 की इकोनॉमी रेट के साथ 6 विकेट लिए। प्रतियोगिता के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट टीम रेड के अशोक सिंह भाटी रहे जिन्होंने चार पारियों में 6 विकेट और 86 महत्वपूर्ण रन बनाए। इस मौके पर प्रतियोगिता के अतिथि संजय अरोड़ा और अरविंद पाराशर ने कहा की मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और काम की भागदौड़ के बीच खुद को फिट रखने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता नियमित रूप से आयोजित होनी चाहिए। उपाध्यक्ष शुभम जैन ने सभी अतिथियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार जताया और कहा की भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं मीडियाकर्मियों के लिए आयोजित होती रहेंगी जिससे आपसी मित्रता और सदभाव की भावना बढ़े।